Bharatiya Reserve Bank Note Mudran Private Limited
भारतीय रिज़र्व बैंक नोट मुद्रण प्राइवेट लिमिटेड
Corporate Office, Bengaluru – 560 029,
नैगमीक कार्यालय, बेंगलुरु - 560 029

विज्ञापन संख्या. 6/2018

सहायक प्रबन्धक - सुरक्षा के पद के साक्षात्कार हेतु चुने हुए उम्मीदवारों के लिए आवश्यक अनुदेश

आप साक्षात्कार में भाग लेने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि विज्ञापन सं. 6/2018 में दिए गए पद के लिए निर्धारित **सभी प्रकार के** पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं। यदि स्क्रीनिंग के समय यह पाया जाता है कि आप जारी विज्ञापन के अनुसार पात्रता मानदंड 01 दिसंबर, 2018 को पूरा नहीं करते हैं तो आपको साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसलिए, कृपया सुनिश्चित करें कि आप एक पूर्व जूनियर कमीशन अफसर हैं जिसने भारतीय सेना की ईएमई / सिग्नल शाखा में अथवा भारतीय वायु सेना / भारतीय नौसेना में तकनीकी शाखा में जेसीओ या उसके समकक्ष रैंक में न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा पूरी की हो **या** भारतीय सेना / भारतीय वायु सेना / भारतीय नौसेना की अन्य शाखाओं में जेसीओ के रूप में 10 वर्ष की सेवा के साथ तकनीकी डिप्लोमा प्राप्त किया हो **या** भारतीय सेना / भारतीय वायु सेना / भारतीय नौसेना में जेसीओ के रूप में 10 वर्ष की सेवा की हो और एनएसजी में सेवा की हो।

1. कृपया अपने साथ अपनी उम्र, योग्यता, रक्षा सेवा में अनुभव, श्रेणी, सिविल रोजगार के लिए फिटनेस, दिव्यांगता प्रमाणपत्र (पीडब्ल्यूडी के लिए) और अन्य अनुभव (यदि कोई हो) के समर्थन में निम्नलिखित का मूल प्रमाण पत्र और उनकी फ़ोटो प्रतियाँ भी लाएं।

   i) जन्म तिथि (SSLC प्रमाणपत्र जहां जन्मतिथि दर्ज की गई है);

   ii) शैक्षिक योग्यता – अंक पत्र और तकनीकी डिप्लोमा के प्रमाण पत्र (यदि आवेदन में घोषित किया गया है) और कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण की हो तो उसका प्रमाण –पत्र।

   iii) जाति प्रमाण पत्र, यदि ओबीसी (नॉन क्रीमी लेयर) और एससी / एसटी से संबंधित है (भारत सरकार के तहत पदों पर नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रारूप में जैसा की नमूने के तौर पर www.brbnmpl.co.in के "कैरियर पृष्ठ" पर दर्शाया गया है) / दिव्यांगता प्रमाणपत्र (पीडब्ल्यूडी के लिए),

   iv) डिस्चार्ज प्रमाणपत्र / डिस्चार्ज बुक / रिलीज ऑर्डर और सेवा का रिकॉर्ड,

   v) डिस्चार्ज सर्टिफिकेट या डिस्चार्ज बुक / सेवा अभिलेख या राष्ट्रपति द्वारा जारी कमीशन आदेश या संबंधित यूनिट द्वारा जारी कोई अन्य प्रमाण पत्र / आदेश जिसमें जेसीओ के पद पर पदोन्नति की तिथि का प्रमाण दर्शाया गया हो ।

   vi) डिस्चार्ज सर्टिफिकेट या डिस्चार्ज बुक / रिकॉर्ड ऑफ सर्विस या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र में दर्शाया गया सिविल रोजगार के लिए मेडिकल फिटनेस का प्रमाण।

   vii) यदि आप रक्षा बलों से सेवामुक्त होने के बाद पुनर्नियोजित हैं, तो वर्तमान नियोक्ता के लेटर हेड पर सेवा - प्रमाण पत्र, और अगर सरकार में, अर्ध-सरकारी / पीएसयू / सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में सेवारत हैं तो उनके द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

उपरोक्त प्रमाणपत्रों के बिना साक्षात्कार के लिए आने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी, और उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है ।

2. योग्यता, आयु, अनुभव, जाति की स्थिति, आदि के संबंध में पात्रता साबित करने की ज़िम्मेदारी अभ्यर्थी पर होगी।

3. साक्षात्कार के स्थान के बाहर से आने वाले उम्मीदवारों को उनके आवेदनों की जांच के बाद साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति दिए जाने पर उन्हें, 2-टियर एसी रेलवे किराया / बस का किराया भारत में उनके निवास स्थान / कार्यस्थल से सबसे छोटे मार्ग द्वारा आने और वापस जाने की टिकट दिखाने पर, किराए की प्रतिपूर्ति की जाएगी। यदि उम्मीदवार किसी अन्य तरीके से यात्रा करते हैं, तो प्रतिपूर्ति वास्तविक किराया या 2एसी ट्रेन किराया, जो भी कम हो, तक सीमित रहेगी।

4. कृपया इस कॉल लेटर को साक्षात्कार स्थल पर कंपनी के अधिकारी को सौंप दें। बिना कॉल लेटर और फोटोग्राफ के उम्मीदवारों का साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा। साक्षात्कार के केंद्र, तिथि और समय के परिवर्तन के लिए अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। उपरोक्त तिथि, समय और स्थान के अनुसार साक्षात्कार में भाग लेने में विफल होने और अंक -पत्र / प्रमाण-पत्र / प्रशंसापत्र आदि की मूल और फोटोकॉपी साथ नहीं लाने पर, आपकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी ।

5. यह पत्र नौकरी का प्रस्ताव नहीं है। कृपया ध्यान दें कि आपको साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने मात्र से आपको कंपनी की सेवा में भर्ती के लिए कोई अधिकार या आश्वासन नहीं दिया जा रहा है और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। अयोग्य उम्मीदवारों की उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर रद्द की जा सकती है ।

6. वे अभ्यर्थी जो पिछली भर्ती प्रक्रिया में नियुक्त किए गए थे और पिछले नियोक्ता के अनुभव प्रमाणपत्रों में विसंगति पाए जाने, झूठी सूचनाओं की घोषणा और गलत जाति प्रमाण पत्र आदि के कारण कंपनी की सेवाओं से इस्तीफा दे चुके हैं, वे इस साक्षात्कार में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होंगे।

7. यदि कोई उम्मीदवार प्रमाण-पत्रों की साक्षात्कार - पूर्व जांच के दौरान पद के लिए निर्धारित किसी भी मापदंड में कमी के कारण, अयोग्य पाया जाता है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी, उसे साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और ट्रेन किराए की प्रतिपूर्ति भी नहीं की जाएगी । पात्रता, साक्षात्कार, चयन, आदि के संबंध में कंपनी का निर्णय अंतिम है और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी है और इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

8. यदि साक्षात्कार प्रक्रिया के दौरान या बाद में या नियुक्ति के पश्चात भी, यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी ने आवेदन में या प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में कोई सूचना दबाई है, छुपाई है या गलत दी है, तो बाद में कभी भी उसकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

9. किसी भी रूप में सिफारिश करवाने/प्रभाव का उपयोग करने को अयोग्यता माना जाएगा।

****